गुरू नानक कॉलेज धनबाद

विश्व पर्यावरण दिवस

आज दिनांक 5 जून 2026, दिन शुक्रवार को गुरू नानक कॉलेज, धनबाद के भूदा कैंपस में प्राचार्या डॉ रंजना दास के संरक्षण में एनएसएस इकाई एक एवं दो के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया जिसमें पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति छात्रों को जागरूक करते हुए भूदा कैंपस में पौधे लगाए गए। कालेज के भूदा कैंपस के प्रोफ़ेसर इंचार्ज प्रो दीपक कुमार ने पृथ्वी के तापमान में आई वृद्धि का एकमात्र कारण वन उन्मूलन (डिफारेस्टेशन) को बताया। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्त्व को बताते हुए कहा कि जिस स्थिति में हमारे बुजुर्ग हमें यह धरती सौंप गए हैं यह हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम भी हमारी आने वाली पीढ़ी को यह धरती उसी स्थिति में सोंपें। अगर अब भी हम सचेत नहीं हुए तो आने वाला समय इतना भयावह होगा कि हमारे अस्तित्व को बचाना भी नामुमकिन हो जाएगा। एनएसएस इकाई एक के प्रोग्राम आफिसर प्रो दलजीत सिंह ने छात्रों एवं छात्राओं को अपने घर के आसपास ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करने का संदेश दिया और छात्रों से यह भी आग्रह किया कि वे अपने घर के आसपास रहने वाले लोगों को भी पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। इस कार्यक्रम में बीबीए कोऑर्डिनेटर प्रो संजय सिन्हा, प्रो पियूष अग्रवाल, डॉ साधना सिंह, प्रो उदय सिन्हा, प्रो किरन, प्रो अंकित दिवाकर, लाइब्रेरियन नुशरत परवीन, श्री नरेंद्र सिंह, श्री पंकज, श्री रंजीत मिश्रा व अन्य शिक्षकेत्तर कर्मियों के साथ साथ बड़ी संख्या में एनएसएस वालंटियर्स उपस्थित थे।

WORLD
ENVIRONMENT DAY

Organised by
NSS Units 1 & 2 of

WORLD
ENVIRONMENT DAY
5th June 2026
SAPLING PLANTATION
Organised by
NSS Units 1 & 2 of
Guru Nanak College, Dhanbad

GPS Map Camera
Google
Dhanbad, Jharkhand, India
Dunridhar, Rani Rd, Near G.n. College, Bhuda Colony, Dhanbad, Jharkhand
826004, India
Lat 23.782772° Long 86.448858°
Friday, 05/06/2026 11:44 AM GMT +05:30

GPS Map Camera
Google
Dhanbad, Jharkhand, India
Dunridhar, Rani Rd, Near G.n. College, Bhuda Colony, Dhanbad, Jharkhand
826004, India
Lat 23.782778° Long 86.448578°
Friday, 05/06/2026 11:41 AM GMT +05:30

WORLD
ENVIRONMENT DA
5th June 2026
SAPLING PLANTA
Time - 11:30 am
GPS Map Camera
Google
Dhanbad, Jharkhand, India
Dunridhar, Rani Rd, Near G.n. College, Bhuda Colony, Dhanbad, Jharkhand
826004, India
Lat 23.782778° Long 86.448892°
Friday, 05/06/2026 11:47 AM GMT +05:30

GPS Map Camera
Google
Dhanbad, Jharkhand, India
Dunridhar, Rani Rd, Near G.n. College, Bhuda Colony, Dhanbad, Jharkhand
826004, India
Lat 23.782772° Long 86.448872°
Friday, 05/06/2026 11:45 AM GMT +05:30

WORLD
ENVIRONMENT DAY
5th June 2026
SAPLING PLANTATION
NSS Units 1 & 2 of
Guru Nanak College, Dhanbad
GPS Map Camera
Google
Dhanbad, Jharkhand, India
Dunridhar, Rani Rd, Near G.n. College, Bhuda Colony, Dhanbad, Jharkhand
826004, India
Lat 23.782784° Long 86.448893°
Friday, 05/06/2026 11:47 AM GMT +05:30

NEWS CLIPING

गुरुनानक कॉलेज में लगाए गए पौधे

धनबाद। गुरुनानक कॉलेज भूदा कैंपस में शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन एनएसएस इकाई-1 एवं 2 द्वारा किया गया था। इसमें प्राचार्य डॉ रंजना दास बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। इस अवसर पर परिसर में पौधारोपण कर छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। प्रो. दीपक कुमार ने अपने संबोधन में वनों की कटाई को बढ़ते तापमान का प्रमुख कारण बताते हुए पर्यावरण संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए पृथ्वी को सुरक्षित रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. दलजीत सिंह ने अधिक से अधिक पौधरोपण करने और समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रो. संजय सिन्हा, प्रो. पियूष अग्रवाल आदि शामिल थे।

HINDUSTAN

DATED :- 06-06-2026

गुरु नानक कालेज के भूदा कैंपस में लगाए गए पौधे

धनबाद : गुरु नानक कालेज भूदा कैंपस में प्राचार्या डा. रंजना दास के संरक्षण में एनएसएस इकाई एक एवं दो की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। भूदा कैंपस में पौधे लगाए गए। भूदा कैंपस के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो दीपक कुमार ने पृथ्वी के तापमान में वृद्धि का एकमात्र कारण वन उन्मूलन (डिफारेस्टेशन) बताया। कहा जिस स्थिति में हमारे बुजुर्ग हमें यह धरती सौंप गए हैं यह हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम भी हमारी आने वाली पीढ़ी को यह धरती उसी स्थिति में सौंपे। (जासं)

DAINIK JAGRAN

DATED :- 06-06-2026